<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश में तीन नये आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की नई दिल्ली में की समीक्षा, कहां–इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक नये कानूनों का शत प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल आगरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य स्तरीय सम्मेलन का किया शुभारंभ, कहा–शिक्षकों के कंधों पर है राष्ट्र का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी
- प्रदेश के सभी जिलों में महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, धार्मिक नगरी अयोध्या और वाराणसी में किये जा रहे हैं विशेष इंतजाम
- अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को होगा उपचुनाव

**********

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल प्रदेश में तीन नये आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश व प्रदेश के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी सात कमिश्नरेट्स समेत पूरे राज्य में इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक नये आपराधिक कानूनों का शत प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में एक से अधिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। कुल जीरो एफआईआर में से कितनी एफआईआर राज्यों को स्थानान्तरित की गईं, इसकी भी नियमित मॉनीटरिंग हो। श्री शाह ने निर्देश दिया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रत्येक पंद्रह दिन पर, जबकि मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ हफ्ते में एक बार तीन नये कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा अवश्य करें।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का तीन दिवसीय सत्तावनवां राज्य स्तरीय सम्मेलन कल से आगरा में शुरू हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर होती है।

***कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक से युवा विभिन्न विकल्पों के बारे में। जानकारी हासिल कर सकता है और सही विकल्प का चयन करने के लिए हमेशा विवेक की आवश्यकता होती है। हमेशा मार्ग दर्शन की आवश्यकता होती है वो विवेक पैदा करने का काम और मार्गदर्शन करने का काम यदि कोई कर सकता है तो शिक्षक ही कर सकता है और कोई दूसरा नहीं कर सकता है।***

**********

ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी की देश में दस्तक को देखते हुए प्रदेश सरकार भी सतर्क है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने कल कहा कि इस वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

***इसको लेकर हम लोग पूरी सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। और कहीं कोई पैनिक जैसी स्थिति नहीं है। हर स्थिति से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है।***

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने भी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ कल एक वर्चुअल बैठक के दौरान कहा है कि एचएमपीवी को लेकर जनता को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

**********

प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने जेमिनी संचालित और बेकन–सक्षम उत्तर प्रदेश ओपेन नेटवर्क ऑफ एग्रीकल्चर के लिए समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किये किए हैं। इस समझौता ज्ञापन से प्रदेश के लाखों किसानों को फायदा होगा। सरकार की तरफ से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इससे किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य आदि के बारे में सटीक जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि ओपन नेटवर्क प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह इक्कीसवीं सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था में किसानों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करेगा।

**********

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना में ग्रामीणों से लिए जाने वाले सामुदायिक अंशदान के रुप में पूंजी लागत के दस फीसदी भाग का वहन अब प्रदेश सरकार करेगी। सरकार की तरफ से वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस में इसके लिए दो हजार करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। इसका लाभ उत्तर प्रदेश के लगभग दो करोड़ बत्तीस लाख से ज्यादा परिवारों को मिलेगा। गौरतलब है कि यूपी में जल जीवन मिशन के तहत चालीस हजार नौ सौ इक्यावन योजनाएं स्वीकृत हैं।

**********

तेरह जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस दौरान धार्मिक नगरी अयोध्या और वाराणसी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने अयोध्या में बारह जनवरी से अट्ठाइस फरवरी तक करीब दस हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था की है। वहां दो हजार सफाई कर्मचारी चौबीस घंटे साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

वहीं, महाकुंभ में श्रद्धालुओं के वाराणसी आने की संभावना को देखते हुए वहां प्रशासन और पुलिस भी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि अगले हफ्ते से कुंभ यात्रियों के जिले में आने की पुरजोर संभावना है।

***हम लोगों का ऐक्सप्रियंस छै से सात लाख श्रद्धालुओं को प्रतिदिन कराने का रहता है उसको और कैसे बढ़ाया जा सके, उनके, सबके प्रयास हो रहे हैं और तीन–चार दिन में सारी व्यवस्थायें पूर्णरूप से लागू कर दी जायेंगी ताकि जो भी श्रद्धालु यहां श्रीकाशी विश्वनाथ दर्शन करने के लिये आयें उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।***

इस बीच, प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कल लखनऊ में बैठक कर महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने महाकुंभ क्षेत्र में दिव्यांगजनों और पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों के लिए विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया।

महाकुंभ को देखते हुए फतेहपुर जिले में पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। वहां के बार्डर वाले थानों के लिए विशेष सुरक्षा प्लान तैयार किया गया है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में वहां की पुलिस, एसएसबी और नेपाल एपीएफ के अधिकारियों की अगुवाई में सुरक्षा बलों द्वारा भारत नेपाल बार्डर पर कल पैदल गश्त किया गया।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर अलग अलग तरह के आयोजन भी किये जा रहे हैं। प्रयागराज जिले में स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश देने के लिये कल स्वच्छ रथयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मेरठ जिले में एक थाली, एक थैला–कुंभ न हो मैला अभियान की शुरूआत की। इसका उद्देश्य महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना है। इसके तहत मेरठ जिले से तीस हजार से अधिक थैले और थालियां महाकुंभ के लिए रवाना की गईं।

**********

प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर पांच फरवरी को उपचुनाव होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल इसकी घोषणा की। वोटों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी। उपचुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही जिले में आचार संहिता भी लागू हो गई है। दस जनवरी को उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी। पेश है एक रिपोर्ट–

***अयोध्या से मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट से विधायक थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद श्री प्रसाद ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। तभी से यह सीट रिक्त है। हाल ही में प्रदेश की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के साथ मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना था लेकिन मामला कोर्ट में होने के कारण चुनाव नहीं हो पाया था। सत्तारूढ़ भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने यहां जीत दर्ज करने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगा रखा है। तन्मयसोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

**********

प्रदेश में कड़ाके की ठंड, शीतलहर और कोहरे के कारण जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। अधिकतर जिलों में कक्षा आठवीं तक के स्कूल बंद कर दिये गये हैं। इस बीच, शिक्षा निदेशक ने भी कल सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को आदेश दिया कि माध्यमिक विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन सुबह दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया जाए। उधर, कोहरे के कारण पूरे प्रदेश में ट्रेनों के आवागमन पर भी बुरा असर पड़ा है। हमारे शामली संवाददाता ने बताया कि वहां से होकर गुजरने वाली दर्जन भर से अधिक ट्रेने कोहरे के कारण प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग ने आज से लेकर अगले दो दिनों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के पचास से अधिक जनपदों के लिए शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है।

**********